ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर यूपी के औद्योगिक विकास को उपहार : योगी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 351 किलोमीटर लंबाई के न्यू खुर्जा से न्यू भाउपुर खंड और केंद्रीय परिचालन नियंत्रण केंद्र, प्रयागराज का उद्घाटन किया। इस अवसर पर यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेलवे विकास की जीवनरेखा है। ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू खुर्जा से न्यू भाउपुर खंड का उद्घाटन प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए उपहार है। इससे यहां की एमएसएमई इकाइयों को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 क्षेत्रीय रेलवे जोन के साथ ही हमारे प्रदेश में रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री और वाराणसी स्थित डीजल

एमएसएमई इकाइयों को मिलेगा प्रोत्साहन, होगा आर्थिक विकास

लोकोमोटिव वर्क्स प्रोडक्शन यूनिट्स का तेज परिवहन और विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण से मालगाड़ियों की औसत गति 25 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़कर 75 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाएगी। इससे खाद्यान्न परिवहन में सुविधा होगी। औद्योगिक विकास का वातावरण बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड काल के दौरान 40 लाख श्रमिकों और कामगारों को वापस लाने में भारतीय रेल ने अभूतपूर्व योगदान किया। प्रदेश में लगभग 6 हजार किलोमीटर से अधिक की नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण की परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इनके पूरे होने पर प्रदेशवासियों को बेहतर व त्वरित रेल यातायात उपलब्ध होगा। ब्यूरो